प्रश्नों की संख्या: 50

अधिकतम अंक : 50

# विषय: गाय धर्म और विज्ञान

**कक्षा 6 वीं से 8 वीं**

**सत्र 2025-26**

राज्य स्तरीय परीक्षा

**समय : 1 घंटे 30 मिनट**

**1. प्रजापति दक्ष के मुख से जब मनोहर गन्ध निकली, तो उस गन्ध के साथ किस गौ का प्राकट्य हुआ?**
(a) नंदिनी (b) सुशीला (c) बहुला (d) सुरभि

**2. ब्रह्माजी ने कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर गौओं को ऋषियों और देवताओं से भी श्रेष्ठ मानते हुए कहाँ स्थान दिया?**
(a) गोष्ठ (b) गो लोक (c) कैलास (d) वैकुण्ठ

**3. अथर्ववेद में वर्णित गौ के विश्वरूप के अनुसार, चंद्रमा गौमाता के किस अंग में स्थित है?**
(a) मस्तिष्क (b) सींग (c) हृदय (d) नेत्र

**4. यजुर्वेद में गौमाता के लिए किस विशिष्ट शब्द का प्रयोग किया गया है, जिसका अर्थ है जो त्यागी न जा सके?**
(a) अग्रजा (b) दुहिता (c) अनुपनेय (d) धेनु

**5. ऋषि वामदेव गौतम के अनुसार, जो वस्तुएँ देवता के समान पूजनीय हैं, उनमें गाय के अतिरिक्त और क्या शामिल है?**
(a) भूमि, वायु, बीज (b) अग्नि, सूर्य, जल (c) आकाश, पर्वत, नदी (d) अन्न, फल, पुष्प

**6. ऋग्वेद के अनुसार, प्राचीन काल में वंश परिचय का प्रधान निशान 'गोत्र' किसकी रक्षा के लिए बनाया गया था?**
(a) स्वर्ण मुद्राओं की (b) ऋषियों के आश्रम की (c) यज्ञ कुंडों की (d) गौशाला और गौवंश की

**7. आचार्य गौतम ने सत्यकाम जाबाल को उपनयन के पश्चात कितनी दुर्बल गायें चराने के लिए वन भेजी थीं?**
(a) 400 (b) 100 (c) 1000 (d) 500

**8. सत्यकाम जाबाल की कथा में, ब्रह्म के चतुर्थ पाद 'आयतन स्वरूप' का उपदेश उसे किसने दिया था?**
(a) अग्नि (b) हंस (c) जलमुर्ग (मुद्ग) (d) वृषभ

**9. राजा दिलीप ने सिंह के आक्रमण के समय किस तर्क को आधार बनाकर अपने शरीर को मांस पिण्ड की तरह सिंह के आगे डाला था?**
(a) क्षत्रियत्व की रक्षा और कीर्ति (b) राज्य का मोह (c) गुरु वशिष्ठ का श्राप (d) सिंह की भूख मिटाना

**10. महाभारत में सहदेव ने राजा विराट को अपना परिचय देते हुए बताया कि वे कितनी दूरी में स्थित गायों की भूत, वर्तमान और भविष्य की संख्या बता सकते थे?**
(a) 100 योजन (b) 5 योजन (c) 50 योजन (d) 10 योजन

**11. महाराज दशरथ ने पुत्रेष्ठि यज्ञ के पश्चात ब्राह्मणों को स्वर्ण मंडित सींगों वाली गायों के साथ कौन सा दोहन पात्र दान किया था?**
(a) चाँदी का पात्र (b) सोने का पात्र (c) पीतल का पात्र (d) कांसे का पात्र

**12. वनवास काल के दौरान भरत जी ने 14 वर्षों तक अन्न के साथ किसका सेवन किया जिससे वे आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहे?**
(a) गौ दुग्ध (b) गौ मूत्र (c) पंचगव्य (d) जंगली फल

**41. गोमय भस्म का निर्माण करने पर उसमें प्राणवायु (ऑक्सीजन) की मात्रा बढ़कर कितने प्रतिशत हो जाती है?**
(a) 21.6% (b) 27.7% (c) 35.7% (d) 46.6%

**42. बाजार में मिलने वाले रसायनिक फिनाइल का मुख्य घटक क्या है, जो साँसों के माध्यम से घातक बीमारियाँ फैला सकता है?**
(a) अमोनिया (b) क्लोरीन (c) सोडियम (d) कार्बोलिक एसिड या फिनोल

**43. शाक वाटिका (Kitchen Garden) हेतु मिट्टी तैयार करते समय उसमें 'गोबर खाद' का कितना प्रतिशत हिस्सा होना चाहिए?**
(a) 25% (b) 10% (c) 50% (d) 75%

**44. जैविक कीट नियंत्रक के निर्माण के लिए 1 लीटर गोमूत्र में कितनी मात्रा में लहसुन (Garlic) पीसकर डाली जाती है?**
(a) लहसुन की एक कली (b) 100 ग्राम लहसुन (c) आधा किलो लहसुन (d) 10 कलियां

**45. ग्राम स्तर पर गौ सेवा के लिए गठित 21 सदस्यीय समिति का नेतृत्व कौन करता है?**
(a) ग्राम प्रधान (b) संयोजक एवं सह संयोजक (c) सरकारी पशु चिकित्सक (d) मंदिर का पुजारी

**46. मुक्ति धामों में दाह संस्कार के लिए लकड़ी के स्थान पर छेंनो (कण्डों) का उपयोग करने का मुख्य सामाजिक लाभ क्या है?**
(a) प्रदूषण बढ़ना (b) खर्च अधिक होना (c) कसाईयों को लाभ होना (d) पेड़ों की रक्षा और गोपालकों को उचित मूल्य

**47. 'पर्यावरण संरक्षण' के लिए व्यक्तिगत स्तर पर अपनाई जाने वाली न्यूनतम तीन बातों में क्या शामिल नहीं है?**
(a) पानी बचाना (b) सिंगल यूज़ प्लास्टिक का त्याग (c) रसायनिक खाद का उपयोग (d) पेड़ लगाना

**48. 'कुटुम्ब प्रबोधन' के अंतर्गत सप्ताह में एक बार परिवार के साथ बैठकर किन विषयों पर चर्चा करने का सुझाव दिया गया है?**
(a) राजनैतिक चर्चा (b) पूर्वज, कुलरीति और घर की मर्यादा (c) विदेशी यात्रा की योजना (d) टीवी कार्यक्रमों की समीक्षा

**49. पुस्तक के अनुसार, आत्महत्या करने वाले 90% किसानों की इस स्थिति का मुख्य कारण क्या बताया गया है?**
(a) फसल में कीड़े लगना (b) ट्रैक्टर का कर्ज न चुका पाना (c) सूखे की मार (d) बच्चों की शादी

**50. बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और गिरते भूजल स्तर की समस्या का एकमात्र स्थायी समाधान किसे बताया गया है?**
(a) बांधों का निर्माण (b) रसायनिक खेती (c) अधिक उद्योग लगाना (d) गौवंश का संरक्षण

**13. 'मैया मैं गाय चरावन जैहों' में बालकृष्ण की किस भावना या कला का वर्णन मुख्य रूप से मिलता है?**
(a) माखन चोरी (b) असुर वध (c) कालिया मर्दन (d) गौ चारण की जिद

**14. भगवान श्रीकृष्ण के समय में गौपालन के कीर्तिमानों में 'वृषभानु' के पास कितनी गायें होने का उल्लेख है?**
(a) 5 लाख (b) 10 लाख (c) 9 लाख (d) 1 करोड़

**15. महाराष्ट्र के नाणे घाट के शिलालेखों के अनुसार, किन राजाओं के शासनकाल में यज्ञों के समय गौ-दान का ऐतिहासिक उल्लेख मिलता है?**
(a) गुप्त वंश (b) मौर्य वंश (c) शातवाहन वंश (d) चोल वंश

**16. ह्वेनसांग के अनुसार, राजा हर्ष के शासनकाल में समाज में किस प्रकार के भोजन पर कड़ा प्रतिबंध (वर्जित) था?**
(a) लहसुन और प्याज (b) अन्य पशुओं का मांस (c) शराब और नशा (d) समुद्री भोजन

**17. जरथ्रष्टी मत के अनुसार, किस पवित्र पुस्तक में गाय के प्रति मनुष्य की दयालुता के पुण्य का प्रसंग वर्णित है?**
(a) जिंदाअवेस्ता (b) अर्दा विराफ नामा (c) ओल्डटेस्टामेण्ट (d) लोकनीति

**18. 'बचौर' (बिहार) नस्ल की गायों की शारीरिक विशेषता के संदर्भ में क्या सत्य है?**
(a) पूँछ अत्यंत लंबी होती है (b) रंग हमेशा काला होता है (c) ललाट चौड़ा और कान लटकते हुए (d) सींग बहुत छोटे होते हैं

**19. गुजरात और राजस्थान में पाई जाने वाली 'कांकरेज' नस्ल की गाय प्रतिदिन औसतन कितना दूध देती है?**
(a) 5-10 लीटर (b) 30-40 लीटर (c) 10-20 लीटर (d) 2-5 लीटर

**20. 'खिल्लारी' (महाराष्ट्र और कर्नाटक) प्रजाति के नर (बैल) का औसतन भार लगभग कितना होता है?**
(a) 360 किलो (b) 450 किलो (c) 600 किलो (d) 300 किलो

**21. राजस्थान में जोधपुर और जैसलमेर में पाई जाने वाली 'थारपारकर' गाय का मूल उत्पत्ति स्थल क्या माना गया है?**
(a) गंगानगर (b) मालाणी (बाड़मेर) (c) बीकानेर (d) गिर जंगल

**22. छत्तीसगढ़ की कोसली गाय को राष्ट्रीय पशु आनुवंशिकीय संसाधन ब्यूरो करनाल ने किस पंजीकरण संख्या के तहत पंजीकृत किया है?**
(a) 01015 (b) 02020 (c) 05001 (d) 03036

**23. छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय के अनुसार, कोसली गाय के घी का सेवन किन स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में सहायक है?**
(a) दृष्टि दोष और मोटापा (b) हृदय रोग और मधुमेह (c) कब्ज, बलगम और जुकाम (d) त्वचा रोग और एलर्जी

**24. इतिहासकारों के अनुसार, डिलदार भारतीय 'जैबू नस्ल' के साण्ड का उद्गम स्थल कहाँ माना गया है?**
(a) भारत (b) मिश्र (c) यूरोप (d) एशिया माइनर

**25. विदेशी गायों का पूर्वज माना जाने वाला 'यूरास' (Uras) नामक जंगली पशु ऊँचाई में कितना होता था?**
(a) 7 फीट से अधिक (b) 4 फीट से अधिक (c) 10 फीट से अधिक (d) 5 फीट से अधिक

**26. देशी और विदेशी गाय के गोबर में मुख्य अंतर क्या बताया गया है?**
(a) देशी का गोबर दुर्गंधयुक्त होता है (b) विदेशी का गोबर बहुत गाढ़ा होता है (c) देशी का गोबर तरल होता है (d) देशी का गोबर बंधा हुआ और झिल्लीदार

**27. A1 और A2 दूध के मध्य अंतर का मुख्य कारण दूध में पाया जाने वाला कौन सा विशिष्ट प्रोटीन है?**
(a) अल्फा-कैसीन (b) गामा-कैसीन (c) डेल्टा-कैसीन (d) बीटा-कैसीन

**28. आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, A1 दूध का अत्यधिक सेवन किन बीमारियों के जोखिम से जुड़ा हो सकता है?**
(a) मधुमेह और हृदय रोग (b) मलेरिया और डेंगू (c) टाइफाइड और पीलिया (d) एनीमिया और सूखा रोग

**29. डॉ. कीथ उडफोर्ड ने अपनी पुस्तक में विदेशी नस्ल की गाय के दूध में पाए जाने वाले किस तत्व को 'राक्षस' (Devil) और विषैला माना है?**
(a) लैक्टोज (b) BCM7 (c) कैसीन-ए (d) निकोटीन

**30. महात्मा गांधी ने किस पशु-पालन के कारण होने वाली गौ-वंश और कृषि की क्षति की ओर समाज का ध्यान आकर्षित किया था?**
(a) बकरी पालन (b) ऊँट पालन (c) भेड़ पालन (d) भैंस पालन

**31. भैंस की उत्पत्ति के विषय में प्रचलित दंतकथा के अनुसार, 'नन्दिनी' गाय के विरुद्ध रंज में आकर किसने भैंस का निर्माण किया था?**
(a) ऋषि वशिष्ठ (b) भगवान परशुराम (c) विश्वामित्र जी (d) महर्षि चरक

**32. देशी गाय के दूध में पाया जाने वाला कौन सा तत्व अणु विकिरण (Radiation) का प्रतिरोधक माना गया है?**
(a) Strontion (b) CLA (c) Omega-3 (d) ALA

**33. गाय के दूध में मौजूद कौन सा विटामिन चेहरे की त्वचा, आँख और दिमाग को सक्रिय बनाए रखने में मदद करता है?**
(a) विटामिन डी (b) विटामिन ए (c) विटामिन के (d) विटामिन ई

**34. पुस्तक के अनुसार, शुद्ध देशी गाय के 50 किलोग्राम शुद्ध दूध में कितनी मात्रा में स्वर्ण तत्व (सोना) पाया जाता है?**
(a) 10 ग्राम (b) 100 ग्राम (c) 500 ग्राम (d) 1 किलोग्राम

**35. गोबर की राख का मंजन करने से किन दंत रोगों में लाभ प्राप्त होता है?**
(a) दाँत का टूटना (b) दाँतों का टेढ़ापन (c) पायरिया और मसूड़ों से खून आना (d) दाँतों में गैप होना

**36. गौमूत्र के रासायनिक अवयवों में कौन सा खनिज 'अनुचित मेद (चर्बी)' को बनने से रोकता है?**
(a) ताँबा (कॉपर) (b) लोहा (आयरन) (c) गंधक (सल्फर) (d) सोडियम

**37. पंचगव्य के मिश्रण से मानव शरीर के अंदर 'अग्नि तत्व' को कौन सा घटक संतुलित करता है?**
(a) गौ दुग्ध (b) गौ घृत (c) गौ दही (d) गोमय रस

**38. पंचगव्य के नियमित पान से 'प्राणमय कोष' के जागरण का क्या परिणाम बताया गया है?**
(a) काल्पनिक शक्ति बढ़ना (b) पाचन शक्ति बढ़ना (c) रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ना (d) आयु और बल की वृद्धि

**39. पेट संबंधी रोगों की अचूक औषधि 'तक्रासव' के सेवन की सही मात्रा और विधि क्या है?**
(a) 40 से 50 ml खाली पेट (b) 5 से 10 ml सुबह-शाम (c) 20 से 30 ml बराबर पानी के साथ भोजन के बाद (d) 80 से 100 ml सोते समय

**40. 'पंचगव्य नस्य घृत' का निर्माण किस विशिष्ट नक्षत्र में करना सबसे उत्तम और प्रभावी माना गया है?**
(a) रोहिणी नक्षत्र (b) पुष्य नक्षत्र (c) अश्विनी नक्षत्र (d) कृतिका नक्षत्र